बिहार सरकार
मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-446
04/09/2021

# मुख्यमंत्री ने शिक्षक दिवस के अवसर पर राज्य के शिक्षकों को बधाई एवं शुभकामनायें दी

पटना, 04 सितम्बर 2021 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज शिक्षक दिवस की पूर्व संध्या पर डॉ0 सर्वपल्ली राधाकृष्णन को नमन करते हुये राज्य के शिक्षकों को बधाई एवं शुभकामनायें दीं।

मुख्यमंत्री ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि समाज एवं राष्ट्र के निर्माण में शिक्षकों का बहुत बड़ा योगदान है। शिक्षक समाज के मेरूदण्ड हैं। इनको हर स्तर पर आदर एवं सम्मान मिलना चाहिये। मुख्यमंत्री ने उम्मीद जताई कि सभी शिक्षक राष्ट्र निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेंगे। वे देश की भावी पीढ़ी को इस तरह तैयार करें कि उनके मन में देश प्रेम, भाईचारा और सद्भाव की भावना विकसित हो। उनके अंदर देश के लिये कुछ कर गुजरने की तमन्ना विकसित हो और वे अपनी योग्यता, ज्ञान, विज्ञान एवं व्यक्तित्व के सहारे देश का नाम उज्ज्वल करें।

******